# भोपाल हेडलाइंस

RNI: MPHIN/2023/88510








संपादकः- संतोष योगी वर्ष-01 अंक-07 भोपाल, सोमवार 14 अप्रैल 2025 ईमेलः-santoshyogi755@gmail.com पृष्ठ-8 मूल्य 2 रुपया मोबाईनल नं. 9993268143


## बुंदेली बौछार यूट्यूब चैनल को पत्रकारिता सप्तऋषि सम्मान से नवाजा

# इंदौर स्टेट क्लब से मिला सचिन चौधरी को सम्मान पत्र

भोपाल हैडलाइन अमित वर्मा




नरसिंहपुर वर्तमान परिवेश में मीडिया के क्षेत्र में यूट्यूब चैनल की खबरों का अपना एक अलग ही क्रेज है आज अधिकांश समय लोगों का मोबाइल पर होता है और इसलिए यूट्यूब की खबरों आकर्षण लोगों के जहन में बनता जा रहा है। यूट्यूब की खबरें मोबाइल पर देखी जाती है जिससे लोग अपने काम करते-करते खबरों पर नजर डाल लेता है इसलिए व्यक्तियों के लिए यूट्यूब की खबरें महत्वपूर्ण लगने लगी है। सरकारी या प्राइवेट काम काजी लोग लंच टाइम या अपने काम से लौटकर घर आने के वक्त पर आवागमन में यूट्यूब से देश की खबरों के साथ अपने क्षेत्र से जुड़ी खबरें को देखते है। बुंदेलखंड क्षेत्र में बुंदेली बौछार यूट्यूब चैनल ने बुंदेली भाषा में अपनी अलग पहचान बना ली है। क्योंकि लोग अपने क्षेत्र की भाषा में ही ज्यादातर खबरें सुनना पसंद करने लगे हैं जिसे वह बहुत ही पसंद करते है। बुंदेलखंड के लोगों के अनुसार खबरों के लिए बुंदेलखंड में सबसे ज्यादा चर्चित बुंदेली बौछार चैनल को देखना पसंद करते हैं। बुंदेली बौछार ने बुंदेलखंड और आसपास के क्षेत्र में बुंदेली भाषा में जन जन तक खबरें पहुंचाने का काम किया है जिसके लिए इंदौर के स्टेट प्रेस क्लब ने 13 अप्रैल को आयोजित पत्रकारिता सम्मान में पत्रकारिता के क्षेत्र के सप्तऋषि सम्मान से स्थानीय जाल ऑडिटोरियम में बुंदेली बौछार यूट्यूब चैनल को सम्मानित किया। स्टेट क्लब ने चैनल हेड सचिन चौधरी को सम्मान दिया।बुंदेली बौछार के सम्मानित होने पर बुंदेली परिवार से जुड़े लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकलीं विशाल शोभा यात्रा सैकड़ो भक्तजन हुए सम्मिलित



संवाददाताः प्रकाश योगी भोपाल हेडलाइंस नीमच

सरवानिया महाराज । नगर में दिनांक 12 अप्रैल 2025 को हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में पंचमुखी बालाजी मंदिर से विशाल शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से निकलती हुई। जिसमें क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश सकलेचा व नगर के जनप्रतिनिधि, समस्त धार्मिक समितियो के अध्यक्ष व सदस्य गण सहित आस पास क्षेत्र से सैकड़ों भक्तजन भगवान के भजनों पर झूमते नाचते व जय जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए चल रहेथे। जगह-जगह भक्तजनों का पुष्प द्वारा स्वागत किया गया इसके साथ ही सभी मन्दिरो की चलित झांकीया आकर्षण का केंद्र बनी । नगर के मध्य रावला चौक स्थित बालाजी मंदिर पर शोभायात्रा में सम्मिलित हुए समस्त भक्त जनों को प्रसाद वितरण कर शोभायात्रा का समापन हुआ समापन हुआ इस अवसर पर पुलिस चौकी प्रभारी श्याम कुमावत मय स्टाफ के आयोजन को लेकर व्यवस्थाएं सराहनी रही

# डॉक्टर विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी मरीज हो रहे हैं परेशान

भोपाल हेडलाइंस 24 से ज़िला ब्यूरो चीफ जमुना अहरवार केवलारी 8103763758




केवलारी - सिवनी जिला के केवलारी विकासखंड अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी में लगभग 1 वर्षों से डॉक्टर नहीं है ना ही इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्रेसर हैं, ना ही सुपरवाइजर है, ना ही फार्मासिस्ट है और ना ही लैबटेक्नीशियन है वर्तमान में जो लैबटेक्नीशियन है वह लखनादौन अस्पताल में पदस्थ हैं उन्हें अस्थाई तौर पर यहां अटैच किया गया है आप सभी को विदित है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी चिकित्सा की दृष्टि से क्षेत्र के लगभग 50 ग्रामों को जोड़ता है। यहां प्रतिदिन लगभग 100 से 150 मरीज अपना उपचार हेतु आते हैं किंतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर एवं अन्य स्टॉफ सुविधा न होने के कारण मरीजों को बहुत ही ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है मरीज निराश होकर अपने घर को चले जाते हैं ज्ञात होवे कि मध्य प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति बहुत ही ज्यादा गंभीर है प्रदेश की सरकार स्वर्णिम मध्य प्रदेश की परिकल्पना को साकार करने के लिए सभी वर्गों की सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है किंतु धरातल पर स्थिति कुछ और ही बया करती है ।

**ग्राम वासियों का कहना**

इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दो आयुष अधिकारी के पद भी स्वीकृत है किंतु उन दो में से एक ही आयुष अधिकारी होम्योपैथिक चिकित्सा वाला बैठता है जिसको एलोपैथी चिकित्सा देने का अधिकार नहीं है क्षेत्र की गंभीर समस्या है।

**क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी नहीं दे रहे हैं ध्यान**

इस गंभीर समस्या को देखते हुए अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा नवयुवक मंडल के राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय विचार मंच के प्रदेश प्रभारी मनोज ठाकुर द्वारा सिवनी मंडला लोकसभा क्षेत्र के सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बेसन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला सिवनी जयपालसिंग ठाकुर को क्षेत्र की इस गंभीर समस्या से बार-बार अवगत कराते हो गया है।

**आखिर कब होगी यहां स्टाफ की भर्ती मनोज ठाकुर का कहना**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी में स्थाई डॉक्टर सहित अन्य स्टॉफ को भी शीघ्र अतिशीघ्र पदस्थ करने की मांग की है साथ ही संबंधित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों से यह भी कहा गया है कि समय सीमा पर डॉक्टर एवं अन्य स्टाफ की पदस्थापना नहीं की जाती है तो क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से हम अपनी उचित मांगों को लेकर जन आंदोलन करेंगे।

# कलश यात्रा के साथ में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



भोपाल हेडलाइन श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन रिछारिया परिवार द्वारा किया जा रहा है एन के रिछारिया ने बताया आज कलश यात्रा के साथ ही कथा आरंभ हो रही है जो कि झरनेश्वर मंदिर जवाहर चौक पर अयोजित की जा रही है श्री देवी रिछारिया और सारा रिछारिया परिवार साथ में सभी मित्र मंडली के साथ कथा का श्रवण कर रहे हैं कथा 13 अप्रैल 2025 से 20 अप्रैल तक चलेगी भंडारा 20 अप्रैल को किया जाएगा सभी रिछारिया परिवार व्यवस्था को संभाल रहे हैं भागीरथ रिछारिया विनोद रिछारिया प्रमोद रिछारिया प्रवीण रिछारिया बृज किशोर रिछारिया प्रकाश रिछारिया अनिल रिछारिया राजीव रिछारिया अंबिका शरण रिछारिया आदि

# शासन प्रशासन की मदद से आंगनवाड़ी का निर्माण





संवाददाता राहुल झांजा

भोपाल हेडलाइंस टोंक खुर्द जनपद पंचायत टोंक खुर्द की ग्राम पंचायत पोलाय मैं आंगनवाड़ी भवन निर्माण के लिए काफी दिन से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था ग्राम पंचायत द्वारा कब्जाधारी को अनेक बार समझाने पर भी कब्जा धारी अपना कब्जा शासकीय की भूमि पर से अपना कब्जा नहीं है हटा रहा था लेकिन आज एसडीएम कार्यालय एवं तहसील कार्यालय के आदेश अनुसार पुलिस प्रशासन की मदद से शासकीय भूमि पर आंगनवाड़ी भवन का निर्माण किया गया इस मौके पर उपस्थित रहे पोलाय पटवारी प्रदीप भंडारी जनपद पंचायत टोंक खुर्द इंजीनियर अनुराग तिवारी सरपंच प्रतिनिधि फिरोज पटेल सचिव महेश बिलावलीया रोजगार सचिव बबलू पटेल पुलिस थाना टोंक खुर्द चेतन यादव मुकेश पुरोहित शाहित सभी जवान उपस्थित रहे

# वरिष्ठ भाजपा नेता जयसिंह मारण का मनाया गया जन्मदिन धूमधाम से



भोपाल हेडलाइन गोरेगांव वार्ड क्रमांक 26 दक्षिण पश्चिम विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा नेता जय सिंह मारण का जन्मदिन वार्ड क्रमांक 26 दक्षिण पश्चिम विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं / ग्राम गोरा गांव वासियों द्वारा जन्मदिन फूल माला पुष्पहार से और दीप प्रज्वलन के साथ मनाया जिसमें राजेश मारण, महेश मारण, जीवन मारण , जगदीश मारण, ,जगदीश पटेल, दुबेजी, इमारत जाटव, रूपसिंह मारण , गजराज मारण , मोहन मारण , पर्वत मारण, विक्रम पटेल शाहिद समस्त ग्रामवासी और स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता जयसिंह म।रण का जन्मदिन मनाया अपने जन्मदिन पर जय सिंह मारण ने कहा कि हमें भाजपा की रीति-नीति सिद्धांत को आमजन मानस तक पहुंचना है और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करना है सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास से ही देश आगे बढ़ेगा और भारतीय जनता पार्टी के सार्वभौमिक विकास के नारे को हमें आगे बढ़ाना है।

# पंचमुखी हनुमान मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ 13 से



भोपाल हेडलाइन भव्य कलश यात्रा इसका शुभारंभ दिनांक 13 अप्रैल रविवार शाम 4 बजे से समस्त महिलाओं, बहनों माताओ द्वारा कलश उठाया गया, श्रीधाम वृंदावन से पधारे परम पूज्य डॉ संजय कृष्ण ÷सलिल÷ जी महाराज के पावन सानिध्य में यह शोभा यात्रा श्रीराम मंदिर अहिंसा विहार से प्रारंभ होकर नरेला जोड़ इंड्स पार्क-2 पिंक सिटी रीगल ट्रेजर से होते हुए श्री पंचमुखी हनुमान दुर्गा मंदिर के बगल वाले मैदान कथा पंडाल के प्रांगड़ में यात्रा पहुंची, कथा का प्रारंभ दिनाक 14 से 20 अप्रैल 2025 तक होगा जिसका समय शाम 4 बजे से 7 बजे तक होगा, कथा के साथ साथ प्रतिदिन श्रीधाम वृंदावन से आए हुए ब्रज के कलाकारो के द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन रहेगा जिसमे आपको ब्रज की संस्कृति के दर्शन का आनंद प्राप्त होगा और यह कथा का सीधा प्रसारण संस्कार टीवी चैनल पर भी होगा कथा के पश्चात नित्य प्रसादी की भी व्यवस्था की गई है कथा के मुख्य यजमान अवधनारायण चौबे-अनुराधा चौबे, राहुल चौबे-हर्षिता चौबे

शोभा यात्रा में सम्मिलित मुकेश पाठक, पार्षद शिरोमणि शर्मा,पंज्केशव, पंज्उमेश तिवारी, विनोद शर्मा , संजय मुद्गल आदि समस्त भागवत भक्त प्रेमी शामिल रहे

## सेंट्रल ग्रुप के हेल्थकेयर सेक्टर के अंतर्गत, प्रथम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ आज

# चिकित्सा परामर्श, दवाइयां, हार्ट की जांच जैसे ईसीजी, खून की जांचें एवं स्वास्थ्य परीक्षण पूर्ण रूप से निःशुल्क




(भोपाल) बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के शुभ अवसर पर सेंट्रल ग्रुप के हेल्थकेयर सेक्टर के अंतर्गत, प्रथम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के कोलार क्षेत्र में दिनांक 14 अप्रैल 2025 को होगा भव्य शुभारंभ। सेंट्रल ग्रुप के चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. नितिन वर्मा ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया की शुभारंभ के बाद दूसरे दिन उपरोक्त सौगात मंदाकिनी सोसायटी एवं भोपाल क्षेत्र के मरीजों को उनकी टीम प्रदान करेगी, उन्होंने यह भी बताया है कि कई राज्यों में सेंट्रल ग्रुप मानव एवं समाज सेवा में समर्पित कार्य कर रहा है तथा इस कार्य को आगे बढ़ाते हुए अब मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में भी सेंट्रल ग्रुप अपनी सी.एस.आर एक्टिविटीज के द्वारा मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवार के परिजनों के लिए भारत और प्रदेश सरकार के साथ मिलकर हॉस्पिटल्स में निःशुल्क ट्रेनिंग के साथ साथ युवाओं को शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगा। अधिक जानकारी देते हुए डॉ. नितिन वर्मा ने यह भी बताया है उनकी पूरी टीम प्रदेश के असहाय एवं मध्यमवर्गीय परिवारों की पूर्ण रूप से मदद करने के लिए तैयार है।